दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 272 मुरादाबाद, 30 January 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## लखीमपुर खीरी ट्रक हादसे पर सीएम योगी ने लिया संज्ञान, पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की



लखीमपुर खीरी पीलीभीत-बस्ती मार्ग पर शहर से करीब दस किमी. दूर पनगी खुर्द गांव में शनिवार शाम 7-30 बजे ट्रक ने 10 लोगों को रौंद दिया। इनमें से पांच लोगों की जान चली गई, जबकि पांच गंभीर घायल हो गए। ये लोग कुछ ही देर पहले कार की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार को देखने के लिए जुटे थे। उधर, सीएम योगी ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताते हुए तेजी से राहत बचाव के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में हुए भीषण ट्रक हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। सीएम योगी ने पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है, आईजी स्तर के अधिकारी मामले की जांच करेंगे। साथ ही मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार राहत राशि देने का निर्देश दिया है।

### घायलों को देखने जुटी भीड़ को ट्रक ने रौंदा, पांच की मौत, पांच घायल

आपको बता दें कि लखीमपुर खीरी पीलीभीत-बस्ती मार्ग पर शहर से करीब दस किमी. दूर पनगी खुर्द गांव में शनिवार शाम 7-30 बजे ट्रक ने 10 लोगों को रौंद दिया। इनमें से पांच लोगों की जान चली गई, जबकि पांच गंभीर घायल हो गए। ये लोग कुछ ही देर पहले कार की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार को देखने के लिए जुटे थे। उधर, सीएम योगी ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताते हुए तेजी से राहत बचाव के निर्देश दिए। घटना का कारण बना ट्रक बहराइच से लखीमपुर आ रहा था। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और रास्ते में लंबा जाम लग गया। इस बीच ट्रक चालक वहां से भाग निकला। सूचना पर एसपी गणेश प्रसाद साहा और सीओ सिटी संदीप सिंह भी पहुंचे।

अधिकारियों ने चार लोगों की ही मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में पनगी खुर्द गांव के ही तीन लोग करन ( 14 ) पुत्र दीवान निषाद, रिजवान ( 20 ) पुत्र जलील, पारस निषाद ( 84 ) के अलावा तीरथपुर ककरहा गांव के करुणेश वर्मा ( 30 ) पुत्र रामनरेश व एक अन्य अज्ञात शामिल हैं। हादसे में घायल हुए पांच लोगों में से चार पनगी खुर्द के ही हैं।

## ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर दास को ASI ने सीने में मारी गोली, हालत गंभीर



झारसुगुड़ा/ अनुगुल/ भुवनेश्वर- ओडिशा के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और झारसुगुड़ा के विधायक नव किशोर दास को एक पुलिसकर्मी ने जनसभा में जाने के दौरान गोली मार दी। एएसआई गोपाल दास ने करीब से मंत्री पर छह राउंड फायर किए थे, जिसमें से एक गोली सीने में लगी है।आनन-फानन में नव किशोर दास को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रहा है। घटना दोपहर करीब सवा बारह बजे झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर में गांधी चौक पर हुई। इस मामले पर जानकारी देते हुए ब्रजराजनगर के एसडीपीओ गुमेश्वर भोई ने कहा कि गांधी चौक पुलिस अधिकारी गोपाल दास ने स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर दास को गोली मारी है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। ्स्ढ्ढ ने सरकारी रिवाल्वर से गोली मारी है। पुलिसकर्मी ने वाहन से बाहर निकलते ही नव दास पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिसकर्मी ने 6 राउंड गोली चलाई थी, जिसमें एक गोली उनके सीने में लगी है।उन्हें बड़े अस्पताल में स्थानांतरित किये जाने की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि, फायरिंग के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आरोपित पुलिस कर्मी को हिरासत में लिया गया है। पुलिसकर्मी से पूछताछ जारी है।इस घटना के बाद कार्यक्रम स्थल पर हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य मंत्री पर फायरिंग की घटना के बाद बीजद कार्यकर्ताओं के धरने पर बैठने से मौके पर तनाव व्याप्त है।

### सोने का कलश दान देकर सुर्खियों में आए थे मंत्री

उल्लेखनीय है कि बीजू जनता दल ( BJD) के वरिष्ठ नेता नव किशोर दास हाल ही में खबरों में थे, जब उन्होंने कथित तौर पर महाराष्ट्र के एक मंदिर में 1 करोड़ रुपये से अधिक का सोने का कलश दान किया था। दास ने कथित तौर पर महाराष्ट्र के शनि शिंगणापुर मंदिर को 1.7 किलोग्राम सोने और 5 किलोग्राम चांदी से बने कलश दान किया था, जो देश के प्रसिद्ध शनि मंदिरों में से एक है।

### झारसुगुड़ा से लगातार तीन बार विधायक के पद पर दर्ज की जीत

नव किशोर दास ने झारसुगुड़ा विधानसभा क्षेत्र से 2004 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 2009 में फिर उन्होंने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा और जीते। 2014 के चुनाव में भी दास ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में झारसुगुड़ा विधानसभा से चुनाव लड़कर जीत दर्ज की। साल 2019 के चुनाव में वे लगातार तीसरी बार इसी सीट से विधायक चुने गए। नव किशोर दास को क्षेत्र में प्रभावशाली नेता माना जाता है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## Mann Ki Baat: 'लोकतंत्र हमारी रगों में मौजूद, भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी, मन की बात में बोले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2023 में पहली बार मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश के नागरिकों को संबोधित किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के जरिए एक बार फिर से देश को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को न्यू इंडिया के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने आदिवासी समाज की भूमिका से लेकर पद्म पुरस्कार पाने वाले हस्तियों के बारे में भी चर्चा की। पीएम मोदी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में अनेक पहलुओं की काफी प्रशंसा हो रही है। 26 जनवरी की परेड के दौरान कर्तव्य पथ का निर्माण करने वाले श्रमिकों को देखकर बहुत अच्छा लगा। इस परेड में पहली बार हिस्सा लेने वाली महिला ऊंट सवार और CRPF की महिला टुकड़ी भी काफी सराहना हो रही है।

### लोकतंत्र हमारी रगों में-पीएम मोदी

मन की बात के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम भारतीयों को इस बात का गर्व भी है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी भी है। लोकतंत्र हमारी रगों में हैं, हमारी संस्कृति में है। सदियों से यह हमारे कामकाज का भी एक अभिन्न हिस्सा रहा है। स्वभाव से हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं।

### आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बचाने के लिए आतुर

पीएम मोदी ने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेताओं की एक बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से जुड़े लोगों से आती है। आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है, इसकी अपनी चुनौतियां भी हैं। इन सबके बावजूद आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बचाने के लिए हमेशा आतुर रहता है। जनजातीय समुदायों से जुड़ी चीजों के संरक्षण और उन पर शोध के प्रयास भी होते हैं। ऐसे ही टोटो, हो, कुइ, कुवी और मांडा जैसी जनजातीय भाषाओं पर काम करने वाले कई महानुभावों को पद्म पुरस्कार मिले हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।

### संयुक्त राष्ट्र ने योग दिवस और अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष दोनों का निर्णय भारत के प्रस्ताव के बाद लिया

पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष दोनों का निर्णय भारत के प्रस्ताव के बाद लिया है। योग भी स्वास्थय से जुड़ा है और बाजरा भी स्वास्थय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दोनों अभियानों में जनता की भागीदारी के कारण एक क्रांति रास्ते पर है।

### पीएम मोदी ने गोवा में पर्पल फेस्ट इवेंट की चर्चा की

गोवा में पर्पल फेस्ट इवेंट हुआ। दिव्यांगजनों के कल्याण को लेकर यह अपने-आप में एक अनूठा प्रयास था। 50 हजार से भी ज्यादा हमारे भाई-बहन इसमें शामिल हुए। यहां आए लोग इस बात को लेकर रोमांचित थे कि वो अब %मीरामार बीच% घूमने का भरपूर आनंद उठा सकते हैं।

## राहुल गांधी ने लाल चौक पर फहराया तिरंगा, श्रीनगर में विजयी विश्व तिरंगा प्यारा...की गूंज




भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर है। श्रीनगर में कल एसके स्टेडियम में सार्वजनिक रैली होगी। इसमें 23 विपक्षी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। इसके बाद यात्रा का समापन होगा।भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है। रविवार दोपहर को राहुल गांधी ने लाल चौक पर तिरंगा फहराया। इस दौरान विजयी विश्व तिरंगा प्यारा से श्रीनगर गूंज उठा। आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। पदयात्रा सुबह पंथा चौक से शुरू जो श्रीनगर शहर के बुलेवार्ड रोड पर नेहरू पार्क के पास समाप्त होगी।तीस जनवरी को एसके स्टेडियम में सार्वजनिक रैली की जाएगी। इसमें 23 विपक्षी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। इसके बाद यात्रा का समापन होगा। इससे पहले सुरक्षा में चूक के घटनाक्रम के बाद शनिवार को तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुरसू गांव अवंतिपोरा से यात्रा बहाल हुई।इसके बाद यात्रा बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल गैलेंडर पांपोर से होते हुए पंथा चौक पर पहुंची। पुलवामा से पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती, उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती और पार्टी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राहुल के साथ यात्रा में शामिल हुए। इसके अलावा पुलवामा में ही प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं।महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर में ताजी हवा की सांस की तरह है, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को 2019 के बाद पहली बार घरों से बाहर निकलने का मौका मिला है। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त किया था और उसके बाद इतनी बड़ी संख्या में लोगों को बाहर नहीं आने दिया गया।राहुल के साथ चलना एक शानदार अनुभव था। यह बात महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट के जरिये कही। भारत जोड़ो यात्रा के लिए पहले से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा बलों की ओर से यात्रा के शुरुआती बिंदु तक जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया गया था।केवल अधिकृत वाहनों और पत्रकारों को ही यात्रा स्थल तक जाने की अनुमति दी गई। राहुल गांधी के चारों ओर तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा रहा। दक्षिण कश्मीर के चुरसू इलाके में उत्साही समर्थकों ने यात्रा का स्वागत किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक तिरंगे व पार्टी के झंडे लेकर यात्रा में शामिल हुए। राहुल गांधी ने सफेद रंग की टी-शर्ट और स्लीवलेस जैकेट में में पदयात्रा शुरू की।कांग्रेस के महासचिव व भारत जोड़ो यात्रा के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस को 2024 के आम चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए किसी भी विपक्षी गठबंधन का आधार बनना होगा, क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र बड़ी विपक्षी पार्टी है। उन्होंने कहा कि वह निश्चित रूप से इस साल गुजरात के पोरबंदर से अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड तक एक और यात्रा करने के पीछे अपना वजन डालेंगे,

## उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की रात्रि सेवाएं एवं ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग फिर बहाल




दयाशंकर सिंह ने बताया कि जान माल की क्षति को बचाया जा सके, इसलिए रात्रिकालीन सेवाओं को एक माह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया था, परंतु अब मौसम ठीक हो जाने के कारण इसकी आवश्यकता नहीं है। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम की स्थिति को देखते हुए ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग एवं रात्रि सेवाओं की व्यवस्था फिर बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि अब मौसम में सुधार रह रहा है। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बुकिंग जरूरी है। ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ( यूपीएसआरटीसी ) ने कोहरे के कारण 15 दिसम्बर 2022 से रोडवेज बसों के लिए रात्रिकालीन सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग निलंबित कर दी थी।

मौसम की स्थिति में अब सुधार को देखते हुए यूपीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने परिवहन मंत्री से रात्रि सेवा की बसों का संचालन एवं टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू करने के लिए मार्गदर्शन लेते हुए उनके निर्देशों के अनुपालन में रात्रि सेवा जिन्हें पहले कोहरे की स्थिति के कारण रोक दिया गया था। उन्हें बहाल कर दिया गया है एवं उन सभी रात्रिकालीन सेवाओं के लिए ऑनलाइन बुकिंग अब प्रारम्भ कर दी गई है। गौरतलब है कि कोहरे के कारण हो रही दुघर्टनाओ के दृष्टिगत रात में बसों का संचालन नियंत्रित कर दिया गया था। दयाशंकर सिंह ने बताया कि जान माल की क्षति को बचाया जा सके, इसलिए रात्रिकालीन सेवाओं को एक माह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया था, परंतु अब मौसम ठीक हो जाने के कारण इसकी आवश्यकता नहीं है।

## संपादकीय Editorial

### Krishnamayi mind in the triveni of rhythm, posture, emotion

A river of courage, sacrifice and energy flowed when the artists of Raga Virag presented the Kathak dance drama 'Krishnamayi Rang De Kesariya' in Delhi on the Amrit Mahotsav of Independence. Krishna's pastimes have always fascinated artists. If there are dancers and dancers of the tradition of Birju Maharaj on it, then it is natural that along with the stage, the mind also becomes Krishnamayi. When the artists of cultural organization 'Raag Virag' presented the Kathak dance drama 'Krishnamayi Rang De Kesariya' at Shri Ram Center Auditorium of Independence on the Amrit Mahotsav of Independence, the symbols of saffron color - courage, sacrifice and energy, imbued with Krishna and steeped in spirituality A river flowed. Only these waves started rising in the minds of the dance lovers sitting in the audience gallery that if there is love then Krishnamayi, if there is passion then Krishnamayi and if there is frenzy then also Krishnamayi. The artists enthralled the entire auditorium by shedding triveni of rhythm, posture and emotion in their dance. The dance choreography of Kathak dancer Punita Sharma and the music of Kasif Khan, prepared by mixing the tunes of East and West, raised the heads of the people. The dance drama began with Raga Bhatiyar, which gradually transitioned into the tunes of Bageshwari and Darbari and ended with Raga Jog. In this Sumedha, Sukriti, Gaurika Arora, Mehreen, Priyanka, Kuhu, Dhara, Palak, Gaurika Dhamija, Komal, Ahana Pandey, Rasika, Anita, Anamika, Pariksha, Aarushi and Harshit danced step by step and beat by beat. Music directors Kasif Khan, Amjad Chowdhary, Fateh Ali, Amjad Khan and Siraj joined for accompaniment on sarangi, keyboard, tabla, pakhawaj, sitar, vocals and bass guitar. Arpita Chakraborty and Punita Sharma took the program to the zenith of Kathak, which started with the dance of little artists. The colorful end of the festival was Holi dance by Priyal Gupta and Pati Gupta, Sandi, Ritika, artist of Raag Virag from America.


# On completion of 50 years of Stardust, stars tied the red carpet, Bhumi's look stole the show



It was a star-studded affair on the red carpet to celebrate 50 years of Stardust. Rekha looked beautiful in a saree, while Bhumi and Vani showed off their skills in gowns. Stardust has completed 50 years in the industry. An event was organized on this occasion, in which B-Town celebs made a splash. Photos and videos of the red carpet are going viral on social media, in which the best avatars of the stars were seen. But the most talked about look was Bhumi Pednekar who flaunted her abs in a cutout gown. Many Bollywood stars including Karthik Aryan, Anupam Kher, Sonu Sood, Raveena Tandon, Rekha had reached this event. While Vaani Kapoor looked stylish in a metallic gown, Bhumi Pednekar grabbed everyone's attention in an emerald green gown. Bhumi's look was the most discussed, in which she was seen flaunting her abs with dark eyes, nude lips and tied hair. Bhumi's toned figure won a lot of accolades from the people. Apart from this, Raveena Tandon and Rekha were seen taking selfies together on the red carpet. Raveena wore a silver and black color dress, while Rekha looked very beautiful in a black, golden color saree with a gajra. Along with this, a small purse of black and golden color was also seen in Rekha's hand. At the same time, many stars including Shreya Siran, Nimrat Kaur, Sanya Malhotra, Tisca Chopra, Nargis Fakri, Manoj Bajpayee, Madhur Bhandarkar, Anil Kapoor, Manish Paus, Aayush Sharma were seen.

# Ayushmann's name included in Punjab team instead of Mumbai, Gutkha King Sachin Joshi Telugu team owner

The Celebrity Cricket League (CCL), which was closed during the Corona transition period, is going to return from February 18. Eight teams are participating in CCL this year. Some of the biggest stars of the film industry of different languages of Indian cinema are participating in these eight teams. Among the owners of these eight teams, the name of Sachin Joshi, the owner of Telugu Warriors, is the most shocking, because the Hyderabad Police had registered a case of fraud against him during the Corona transition itself and it was believed that this time the Telugu Warriors team would And will enter the fray under the leadership of Ayushmann Khurrana, this time another shocking name in CCL. His name is included in the Punjab team instead of Mumbai. The 'Veer Marathi' team is not participating in the CCL this year. Riteish Deshmukh (Captain) is in the team of Mumbai Heroes joining CCL 2023. Apart from these Bobby Deol, Sunil Shetty, Varun Badola, Aftab Shivdasani, Sameer Kochhar, Indraneil Sengupta, Apoorva Lakhia, Kabir Sadanand, Kunal Khemu, Raja Bherwani, Shabbir Ahluwalia, Sharad Kelkar, Sohail Khan, Saqib Saleem, Tushar Jalota, Vatsal Seth and Sahil Chowdhary's names are included. Apart from Telugu Warriors, the remaining seven teams have 'Chennai Rhinos' franchise with Ganga Prasad, Bengal Tigers franchise with producer Boney Kapoor, Mumbai Heroes franchise with actor Sohail Khan, Bhojpuri The Dabanggs franchise is owned by actor and MP Manoj Tiwari, the Kerala Strikers franchise is owned by Raj Kumar and Sripriya, the Karnataka Bulldozers franchise is owned by Ashok Kheni and the Punjab The Lion team franchise is owned by Navraj Hans and Puneet Singh. The team named De Sher is led by Sonu Sood as captain and other players include Mika Singh, Jimmy Shergill, Ayushmann Khurrana, Binnu Dhillon, Manveer Saran, Rahul Dev, Navraj Hans, Jazebi, Harmeet Singh, Piyush Malhotra, Gulzar Chahal, Roshan Prince, Amarinder Gill, Angad Bedi. Yuvraj Hans, Raju Sharma, Dilraj Khurana, Manveer Saran, Arjun Madan, Piyush Malhotra and Raju Sharma. Akhil Akkineni is the captain of Sachin Joshi's Telugu Warriors team. The rest of the team stars Venkatesh, Sudheer Babu, Tarun, Prince Cecil, Sai Dharam Teja, Ajay, Ashwin Babu, Adarsh Balakrishna, Nandkishore, Nikhil Siddharth, Prabhu, Raghu, Sushant, Srikkanth, Tarak Ratna, Samrat Reddy and Vishwa. Huh.







# From stealing food to leaving the house, overcoming every difficulty reached the pinnacle of such success, physical abuse happened many times

Oprah's mother used to work as a maid in another's house and in such a situation she used to stay out of the house all day. For this reason, in childhood, Oprah always felt the lack of her mother and after being with her mother, she remained alone. In such a situation, he had to be a victim of physical abuse many times. One day she got upset with this and ran away from home at the age of 13. She was pregnant at that time, but due to her young age, the child's life was not saved. Mother found Oprah and brought her back with her and then enrolled her in a school. In school, Oprah imitated other rich kids and started stealing money from home. In such a situation, the mother sent him to his stepfather. The stepfather gave him a new life. Oprah Winfrey's stepfather is the person who brought happiness in her life. Father sent Oprah to school and taught discipline. Gradually, Oprah started focusing on studies and went ahead. She was always ahead in public speaking and drama. Because of his voice, he got an offer to read the news in a local radio station. Oprah majored in speech communication after winning a scholarship to Tennessee State University. During his studies, he got a job in a TV channel in Maryland, for which he left his studies midway. But Oprah was fired from her job for getting emotional while reading the news. At the age of 17, Oprah also won two beauty contests Miss Black Nashville and Miss Tennessee. Luck shone with 'The Oprah Winfrey Show' - Oprah got a job as a news anchor in a TV channel and in 1978 she appeared on the talk show 'People Are Got a chance to become a co-host in 'Talking'. She then moved to Chicago, where her fortunes rose after she made her debut on The Oprah Winfrey Show in 1986. After this show, Oprah never looked back. This show of Oprah ran till 2011 and in its 24 seasons, close to 5 thousand episodes have appeared. At the same time, Oprah started her own company named Harpo Productions and she is also the CEO of Oprah Winfrey Network. Oprah, who once spent her life in poverty, made herself an influential person and today she is counted among the most powerful women in the world. Not only this, Oprah has also been awarded America's biggest civilian honor 'The Presidential Medal of Freedom'. Oprah The boat does not cross fearing the waves, those who try never give up... You have heard this line many times. You must have heard it many times and must have seen such examples around you on which it fits perfectly. But today you are going to tell about a personality who has traveled from floor to floor and become one of the most powerful women in the world. We are talking about talk show host, actress, producer and philanthropist Oprah Winfrey. From living in poverty as a childhood to going through the pain of physical abuse, Oprah has overcome every difficulty to reach the pinnacle of success. Wearing clothes made of sacks, then eating stolen food- Born on January 29, 1954, in Mississippi, USA, Oprah Winfrey's mother Vernita Lee named her 'Orpa' from the book 'Book of Ruth', but people started calling her Oprah. In such a situation, gradually her name changed from Orpa to Oprah. When Oprah was born, her mother was unmarried. In such a situation, when the mother proved unsuccessful in raising Oprah, she left her at her grandmother's house. Oprah's grandmother's condition was also not good and she had to wear potato sacks like clothes. Not only this, due to lack of food, she used to wander from street to street and eat other's thrown food, and sometimes used to steal to eat. But when Nani's health deteriorated, she came back to her mother.



# ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी धन का किया जा रहा बंदरबांट



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- ग्राम पंचायत में बनाए जा रहे सोक्ता जिसमें पीले ईट नदी रेत का बालू और कम सीमेंट डालकर किया जा रहा जुड़ाई जो राप्ती नदी के किनारे पर बसा वीरपुर लौकिहा गांव के ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा मानक विहीन सोक्ता का निर्माण किया जा रहा है जिसमें घोर अनियमितता की जा रही है नदी रेत का बालू कम सीमेंट डालकर जुड़ाई व पीले की जा रही है यह सोख्ता बरसात व नदी के पानी भरते ही जमीन के अंदर गल जाएगी और सोक्ता खराब हो जाएगा ऐसे सोक्ता बनाकर पैसे की बचत कर के सचिव व प्रधान बंदरबांट कर रहे हैं इस संबंध में में ग्राम पंचायत बीरपुर लौकिहा के सचिव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है और जांच किया जा रहा है देखना है कि सोक्ता की गुणवत्ता सचिव सही कराते हैं कि वैसे ही उसको रहने देते हैं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी श्रावस्ती से जांच करके दोषी ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है

# अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सम्मान अफरोज का श्रावस्ती में ताबड़तोड़ निरीक्षण



अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सम्मान आफरोज के द्वारा ताबड़तोड़ कई निरीक्षण किया गया जिस दौरान मिली खामियों को देखने के बाद सदस्य अल्पसंख्यक आयोग के द्वारा संबंधित अधिकारी को जल्द सुधार करने का निर्देश दिया। आज उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सम्मान आफरोज के द्वारा श्रावस्ती जिले में पहुँचकर गिलौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ कम्पोजिट विद्यालय गिलौला का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सदस्य सम्मान आफरोज को गिलौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाँच की जाने वाली मशीने धूल फाकते हुए मिली उसके साथ ही गिलौला सी एस सी के गेट पर जलभराव की समस्या मिली जिसको लेकर सदस्य सम्मान आफरोज के द्वारा सम्बंधित अधिकारी को मिली समस्या की जल्द सुधार का आदेश दिया गया। अल्पसंख्यक आयोग सम्मान आफरोज के द्वारा कम्पोजिट विद्यालय गिलौला का निरीक्षण किया गया जहाँ पर सदस्य सम्मान आफरोज के द्वारा कम्पोजिट विधायल में पढ़ने वाले छात्रों से पढ़ाई के बारे जानकारी ली गई

जिस दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय में साफ सफाई के साथ शौचालय और पानी की समस्याओं के बारे में बताया गया, तो अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सम्मान आफरोज के द्वारा सम्बंधित अधिकारी को तत्काल समस्या दूर करने का निर्देश दिया गया, और खुद ही खंड विकास अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर होने वाली समस्याओं के बारे में अधिकारियों और कर्मचारियों को जल्द सुधार करने की हिदायत देते हुए पुनः आगमन पर कमियां मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

# महिला शक्ति ही हिन्दुस्तान की प्रथम महाशक्ति-राजू आर्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-राजकीय जिला ऋषि एवं औधोगिक विकास प्रदर्शनी के बैनर तले आयोजित हो रहे एटा महोत्सव 2023 के विशाल पंडाल में आज रविवार को विहिप गौरक्षा मंच की प्रान्त अध्यक्षा श्रीमती अर्चना सक्सैना ( डॉली ) के संयोजन में समपन्न हुऐ विराट महिला सम्मेलन में जुटी महिलाओं की संख्या के अतिरेक ने जहां एटा महोत्सव को रगंमय करते हुऐ महाकवि रगं जी की धरती को विभिन्न रगों में रंगीन किया तो वहीं महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य की परिकल्पना को साकार कर यह ऐहसास कराया कि महिला जगत जननी ही नहीं है बल्कि वह भारत माता को अखण्ड व सुरक्षित रखने एवं आत्मरक्षार्थ वीर रानी लक्ष्मीबाई तथा मां दुर्गा का रूप भी धारण करने में हिचकती नहीं है ! एटा महोत्सव में आज रविवार को आयोजित विराट महिला सम्मेलन का भव्य उदघाटन करते हुऐ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत एवं भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) के राष्ट्रीय सगंठन मंत्री तथा कट्टर हिन्दूवादी किसान नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने पंडाल में मौजूद हजारों माताओं व बहिनों का वदंन अभिनदंन कर संबोधित करते हुऐ कहा कि आर्य व्रत की इस धरा पर हमेशा भारत माता ही प्रथम द्रष्टया पूज्यनीय रही है तथा भारत माता एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद के चलते अब महिला सबला नहीं बल्कि हिन्दुस्तान की महाशक्ति के रूप में उभरकर सामने आयी है ! क्योंकि विश्व की महाशक्तियों में अपना वरीयता क्रम में स्थान बनाने वाला हिन्दुस्तान महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नेत्रत्व में आज विदेशी शक्तियों को भी उनके खराब समय में विभिन्न प्रकार की सहायताऐं उपलब्ध करा रहा है ! कट्टर हिन्दूवादी युवा नेता राजू आर्य ने आज महिला सम्मेलन मे दिऐ गऐ अपने उदबोधन में कहा कि द्वापर में कुछ आततायियों द्वारा जब मां द्रोपदी के चीर हरण का कुत्सिक प्रयास किया तो प्रभु श्री ऋष्ण नें अद्रश्य महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत होकर उनकी सुरक्षा कर महिलाओं का मान सम्मान स्वाभिमान को बरकरार ही नहीं रखा बल्कि यह समझाने का प्रयास किया कि महिला ही जगत जननी है तथा इसके आगे सब कुछ शून्य है ! राजू आर्य ने महिला सम्मेलन के विशाल मंच पर संयोजिका श्रीमती अर्चना सक्सैना ( डॉली ) व आयोजन समिति द्वारा किऐ गऐ भारी भरकम सम्मान से अभिभूत होकर कहा कि शायद प्रथम बार मुझे इस विराट महिला सम्मेलन के उदघाटन करने का सौभाग्य मिला है , इसलिऐ में महोत्सव के इस सार्वजनिक विशाल मंच से महिलाओं एवं बहिनों की एक पुत्र व भाई के रूप में जब तक जीवित रहूंगा तब तक उनकी सुरक्षा के लिऐ अपने आपको संकल्पबद्द घोषित करता हूं ! कार्यक्रम को ब्रजप्रांत की महिला अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौहान सहित अन्य नामचीन महिलाओं ने संबोधन कर महिला सशक्तीकरण की बात रखी ! संचालन आरोही ने किया ! इस अवसर पर राकेश कश्यप , विशनपाल सिहं चौहान , सतेन्द्र यादव नेताजी , विपिन यादव , अखिलेश यादव कोयला , रगंलाल यादव , राजेश यादव,मोनू ठाकुर , सुनील कश्यप , पुष्पेन्द्र यादव , कल्लू पुन्डीर , ठा. राजकुमार सिहं , रामकुमार यादव , विजय यादव , योगेन्द्र यादव, विजय वर्मा , सोनी प्रतिहार , भारत सिहं वर्मा , राजेश गुप्ता सहित सैकडों महिलाओं ने भाग लिया ! महिला सम्मेलन के इस कार्यक्रम में एक महिला को मिसेज एटा चुना गया !

# सेवानिवृत्त होने पर एलबी संवर्ग को नही मिल रहा पुरानी पेंशन का लाभ,खाली हाथ रिटायर हो रहे शिक्षक

## तोकापाल बीईओ ने डीईओ से मांगा पेंशन, ग्रेच्युटी व अवकाश नगदीकरण के लिए मार्गदर्शन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री रंजय सिंह,प्रांतीय प्रचारसचिव अजय सिंह,प्रांतीय पदाधिकारी मुकेश मुदलियार एवम् जिला अध्यक्ष भूपेश सिंह ने बताया कि कमला गौतम शिक्षक टीएलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटकोट विकासखंड तोकापाल के सेवानिवृत्त होने पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी तोकापाल द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी जिला बस्तर जगदलपुर से उनके पेंशन , ग्रेजुएटी व अर्जित अवकाश नकदीकरण भुगतान के संबंध में मार्गदर्शन मांगा है।बीईओ ने अपने पत्र में कहा है,कि संविलियन उपरांत शासकीय सेवा 4 वर्ष 4 माह 29 दिन होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के नियम 42( 1 ) की पात्रता नही होती है। विश्व मोहिनी श्रीवास्तव



प्रधान पाठक शा.प्राथमिक शाला बाबू पारा बड़ेगुडरा विकासखंड कटेकल्याण 31 दिसम्बर 2022 को सेवानिवृत्त हुई है, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटेकल्याण द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर को पत्र लिखकर पेंशन एवं अन्य देय स्वत्वों का भुगतान करने मार्गदर्शन प्रदान करने पत्र लिखा गया है। साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटेकल्याण द्वारा संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बस्तर संभाग जगदलपुर को वेतन निर्धारण सत्यापन एवं पेंशन निराकरण हेतु स्पष्ट निर्देश जारी करने पत्र लिखा गया है।इसी तरह कंचन भंडारी व्याख्याता एलबी शा उ मा शाला आसना जिला बस्तर 30 सितंबर 2022 को सेवानिवृत्त हो गयी है, उन्हें भी पेंशन, ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान नही किया गया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह ने कहा कि क्या यही शासन की पुरानी पेंशन योजना है,ऐसी पुरानी पेंशन योजना छत्तीसगढ़ के एलबी शिक्षक संवर्ग के लिए घातक है, सरकार सभी नियुक्त शिक्षको को प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन की पात्रता दे। तोकापाल की शिक्षक कमला गौतम 25 वर्ष की सेवा देने के बाद खाली हाथ रिटायर हो गई, अभी तक अधिकारियों को स्पष्ट नही है कि उन्हें पेंशन, ग्रेज्युटी व अवकाश नकदीकरण का कैसे भुगतान किया जावे, 1998 से सेवा प्रारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2012 से वह नई पेंशन योजना में शामिल थी, अब पुरानी पेंशन योजना में भी शामिल हुई, किन्तु उन्हें पेंशन का लाभ नही देना निराशाजनक पुरानी पेंशन योजना है, योजना का लाभ शिक्षकों को नही मिल पा रहा है, क्योंकि पुरानी पेंशन के लिए 10 वर्ष की न्यूनतम सेवा तथा ग्रेच्युटी के लिए 5 वर्ष की न्यूनतम सेवा का प्रावधान है। एल बी संवर्ग के शिक्षक 2018, 2019 व 2020 में संविलियन हुए है, जबकि उनकी प्रथम नियुक्ति पूर्व की है, अतः शासन द्वारा पूर्व सेवा का लाभ जब तक नही दिया जाएगा, पुरानी पेंशन योजना लागू करने का लाभ एल बी संवर्ग के शिक्षको को नही मिल पायेगा। सेवानिवृत्त एल बी संवर्ग के शिक्षक व दिवंगत एल बी संवर्ग के परिजन दर दर भटकने को मजबूर है, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मांग किया है कि शासन पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए पेंशन, ग्रेजुएटी व अर्जित अवकाश नकदीकरण भुगतान का निर्देश जारी करें।

# कॉलेज प्रबंधन को दो दिन में प्रयोशालाओं को विधिवत सक्रिय करने के दिए गए निर्देश



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- राजा का रामपुर स्थित बीडीआरएस इंटर कालेज का तहसीलदार अलीगंज राकेश कुमार ने कालेज में संचालित भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं को देखा। निरीक्षण में तीनों प्रयोगशालाएं अस्त-व्यस्त मिली। इसके अलावा चार शिक्षक अनुपस्थित मिले। नायब तहसीलदार ने स्कूल प्रबंधन को दो दिन में प्रयोगशालायें व्यवस्थित करने की चेतावनी दी है। राजा का रामपुर और अलीगंज संवाददाता के अनुसार तहसीलदार ने बताया कि शनिवार को दोपहर एक बजे के लगभग उन्होंने बीडीआरएस इंटर कालेज में लैब को चेक किया। यहां पर उन्होंने भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं को देखा। इसमें तीनों प्रयोगशालाएं अस्त-व्यस्त पाई गईं, जिसमें जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थिति अत्यंत खेदजनक मिली है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में चार शिक्षक अनुपस्थित मिले। इसके साथ ही स्कूल में एमडीएम चखने वाले शिक्षक का पद खाली पड़ा हुआ है। कॉलेज में अध्ययनरत बच्चों ने दूध और फल वितरण न होने की बात बताई है। निरीक्षण में अव्यवस्थाएं मिलने पर तहसीलदार ने स्कूल प्रबंधन को दो दिन में व्यवस्थाओं में सुधार करने की चेतावनी दी है। उन्होंने निरीक्षण आख्या तैयार कर एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह को सौंपने की बात कही है। जिससे स्कूल के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

### अधिकांश में प्रयोगशालाएं सक्रिय नहीं

एटा, माध्यमिक शिक्षा परिषद के संचालित 570 विद्यालयों में से अधिकांश में प्रयोगशालायें सक्रिय नहीं है। सबसे खराब स्थिति राजकीय एवं वित्तविहीन कालेजों में है। ऐसे में 29 जनवरी से पांच फरवरी तक हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल की प्रयोगशाला परीक्षाएं आयोजित करायी जाएंगी। आधी-अधूरी तैयारियों के साथ प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजन को लेकर तरह-तरह की कयास लगाए जा रहे हैं। सोमवार से सीसीटीवी की निगरानी में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षायें आयोजित करायी जाएगी। जिले में 100 परीक्षा लेने वाले आ रहे है। सभी स्कूल, कालेजों में प्रयोगशालायें सक्रिय है। उसके लिए पूर्व में स्कूल प्रबंधन को निर्देशित किया जा चुका है। ऐसे में भी यदि किसी स्कूल में सीसीटीवी की व्यवस्था नहीं है। उसमें पंजीकृत हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के छात्रों की प्रयोगशाला परीक्षायें निकट के सीसीटीवी वाले स्कूल में आयोजित करायी जाएगी।- मिथलेश कुमार, डीआईओएस, एटा।

# पत्रकरों द्वारा आयोजित किया गया खिचड़ी भोज कार्यक्रम




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती विकास क्षेत्र ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरन्ट ग्राम सचिवालय में पत्रकारों की ओर से खिचड़ी भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राजनीतिक नेता और अधिकारी व पत्रकारों ने भाग लिया। हरदत्त नगर गिरन्ट के ग्राम सचिवालय में रविवार को पत्रकारों की ओर से खिचड़ी भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महेश मिश्र ओम ने बताया खिचड़ी भोज सामाजिक समरसता व प्रेम बढ़ता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने बताया कि खिचड़ी अथवा सहभोज कार्यक्रम से आपस मे प्रेम व विश्वास बढ़ता है। इस दौरान जमुनहा एसडीएम सौरभ शुक्ला,जमुनहा ब्लॉक प्रमुख शिवम जायसवाल, सदन तिवारी,हरदत्त नगर गिरन्ट रेंजर भगवान सिंह,हरदत्त नगर गिरन्ट थानाध्यक्ष उमेश सिंह ,ग्राम प्रधान विजय कुमार सिहं जिला उपाध्यक्ष बाबूराम पाठक जिला संगठन मंत्री प्रेमचंद जायसवाल,प्रदीप त्रिपाठी संदीप त्रिपाठी दीपेंद्र गुप्ता, शमा बानो ,डा, रफीक अरविन्द कुमार यादव लंकीन प्रसाद वर्मा,अमित श्रीवास्तव ,प्रियव्रत मिश्र अमित विश्वास मुकेश गुप्ता शिवानंद गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में चुनगड़ी ने दतिमा को हराया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़-भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चुनगड़ी में अंडर-19 क्रिकेट के फाइनल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भटगांव विधानसभा के उपाध्यक्ष लालजी राजवाड़े एवं अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि राधे सिंह विशिष्ट अतिथि रमेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे। जिनका ग्रामीण जनों के द्वारा पटाखे से आतिशबाजी कर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। क्रिकेट का फाइनल चुनगड़ी व दतिमा के बीच खेला गया। दतिमा ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण को चुना। जहां चुनगड़ी के द्वारा पहली पारी में बैटिंग करते हुए 110 रन 10 ओवर में आठ विकेट गवांकर पूर्ण किया। जिसके जवाब में दतिमा के द्वारा मात्र 57 रन में आल आउट हो गई। और ख़िलाब में चुनगड़ी ने कब्जा जमाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लालजी राजवाड़े ने कहा कि खेल का होना हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण लगता है खेल से हमारे शरीर के साथ मन भी बहुत शांत रहता है लेकिन आज के युवाओं को देखकर बहुत अफसोस होता है जिस तरह से वे मोबाइल में डूबे रहते हैं लेकिन आप युवा साथियों को देखकर बहुत हर्ष हुआ कि आप लोगों के कारण ही आज हमारे गांव में खेल जिंदा है खेल को अगर आप अपने जीवन से जुड़े रखते हैं तो आप किसी भी नशा के प्रति भी आकर्षित नहीं होते हैं। सरपंच प्रतिनिधि राधे ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन हर वर्ष किया जाना चाहिए खेलकूद में शामिल रहने में हमारी जीवनशैली में काफी सुधार होता है। कार्यक्रम के स्कोरर मृत्युंजय ठाकुर एंपायर राकेश राजवाड़े व रंजीत सिंहके द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित बाबूलाल के द्वारा किया गया।